संख्या–cm-316
16/05/2023

# मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित 'कर भवन', वरीय पदाधिकारी आवास परिसर, चतुर्थवर्गीय आवासीय परिसर एवं परिवहन परिसर का किया उद्घाटन

पटना, 16 मई 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज पूर्वी गार्डिनर रोड में 43.76 करोड़ रूपये की लागत से 1.37 एकड़ में नवनिर्मित पॉच मंजिला 'कर भवन' का शिलापट्ट अनावरण कर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात् मुख्यमंत्री ने 'कर भवन' का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने 'कर भवन' के विभिन्न हिस्सों– मंत्री, वरीय पदाधिकारी, कर्मियों के कार्यालय कक्ष, रिकॉर्ड रूम, मीटिंग हॉल, पुस्तकालय, प्रशिक्षण हॉल, सभागार, अतिथिगृह आदि को भी देखा और उसके संबंध में विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने 'कर भवन' परिसर में पौधारोपण भी किया।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने गर्दनीबाग में नवनिर्मित बहुमंजिली 48 टाइप–ई (बड़े फ्लैट) वरीय पदाधिकारी आवास परिसर का शिलापट्ट अनावरण कर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने विभिन्न फ्लैटों का अवलोकन किया और वहां की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने टाइप–ए 432 यूनिट चतुर्थवर्गीय आवासीय परिसर का शिलापट्ट एवं फीता काटकर उद्घाटन किया एवं विभिन्न फ्लैटों का निरीक्षण किया। गर्दनीबाग में वरीय पदाधिकारी एवं चतुर्थवर्गीय आवास 13 एकड़ भूखंड में 518 करोड़ रूपये की लागत से किया जा रहा है।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने फुलवारीशरीफ में 164 करोड़ 31 लाख रूपये की लागत से 23 एकड़ में नवनिर्मित परिवहन परिसर का शिलापट्ट अनावरण कर एवं फीता काटकर उद्घाटन किया। यह परिसर पूर्ण रूप से भूकम्परोधी तकनीक पर बनाया गया है। मुख्यमंत्री ने परिवहन परिसर में पौधारोपण भी किया। मुख्यमंत्री ने बैटरी चालित वाहन पर बैठकर पूरे परिवहन परिसर का अवलोकन किया। इस दौरान परिसर के विभिन्न भागों बिहार राज्य पथ परिवहन निगम का मुख्यालय भवन, जिला परिवहन पदाधिकारी का कार्यालय भवन, ड्राइविंग परीक्षण केन्द्र कार्यालय, क्षेत्रीय कार्यालय एवं बस टर्मिनल, आवासीय क्वार्टर का निरीक्षण किया और वहां की गई व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस परिसर के फुलवारीशरीफ जेलवाले हिस्से की तरफ के दीवार को इतना ऊंचा करें कि उधर से कार्यालय परिसर की कोई गतिविधि न दिखे। हवाई अड्डा वाले क्षेत्र की चहारदीवारी को और ऊंचा करें ताकि कोई भी व्यक्ति इधर–से–उधर न जा सके।

नवनिर्मित परिवहन भवन के मीटिंग हॉल में भवन निर्माण विभाग के सचिव श्री कुमार रवि ने मुख्यमंत्री को प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने बेहतर कार्य करनेवाले अधीक्षण अभियंता श्री पवन कुमार, अधीक्षण अभियंता श्री रामबाबू प्रसाद, कार्यपालक अभियंता श्री गौतम कुमार, कार्यपालक अभियंता श्री भास्कर कुमार नीरज, अहलूवालिया कंस्ट्रक्शन कंपनी के प्रबंध निदेशक को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, वित्त, वाणिज्यकर एवं संसदीय कार्यमंत्री श्री विजय कुमार चौधरी, भवन निर्माण मंत्री श्री अशोक चौधरी, परिवहन मंत्री श्रीमती शीला कुमारी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, सचिव वाणिज्य कर श्रीमती प्रतिमा एस0 वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, भवन निर्माण विभाग के सचिव श्री कुमार रवि, राज्य परिवहन आयुक्त श्री बी0 कार्तिकेय धनजी, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, जिलाधिकारी श्री चंद्रशेखर सिंह, नगर आयुक्त श्री अनिमेश परासर, बी0एस0आर0टी0सी0 के प्रशासक श्री सन्नी सिन्हा, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री राजीव मिश्रा सहित अन्य वरीय अधिकारी एवं अभियंतागण मौजूद थे।

कार्यक्रम के पश्चात् मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से बातचीत की। कर्नाटक विधानसभा चुनाव में कॉग्रेस की जीत से संबंधित पत्रकारों के प्रश्न पर मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस को बहुत अच्छा बहुमत प्राप्त हुआ है। पहले से भी इस बात की संभावना थी कि कांग्रेस के वहां बहुत अच्छा बहुमत प्राप्त होगा। इसके लिए हमलोगों ने बधाई दी है।

विपक्षी एकता के सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोगों की बातचीत अनेक पार्टियों के साथ हो चुकी है। कर्नाटक में चुनाव हो गया है। वहां पर सरकार बन जाने के बाद हमलोग विपक्षी दलों की बैठक की तारीख को लेकर चर्चा करेंगे। हमलोगों को जिन लोगों से मिलना था, सभी लोगों से बातचीत हो चुकी है। जहां–जहां हमलोग गये हैं, वहां के नेता विपक्षी एकता पर सहमत हैं।

बागेश्वर धाम के बाबा पंडित धीरेंद्र शास्त्री के हिंदू राष्ट्र वाले बयान पर मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी की लड़ाई कौन लोग लड़े थे। आजादी मिलने के बाद सभी की सहमति से देश का संविधान बना। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी समेत सभी लोगों ने नामकरण किया। उसे सबों को स्वीकार करना चाहिए, उसको बदलना नहीं चाहिए। आजकल यह सब देखकर मुझे आश्चर्य होता है। दिल्ली वाले देश भर की मीडिया पर कब्जा किये हुए हैं, इस कारण इन सब चीजों का प्रचार होता है। देश के नाम को आपलोग बदल दीजिएगा? अभी जो लोग बोल रहे हैं उनका जन्म भी आजादी की लड़ाई के समय नहीं हुआ था। हमलोगों का भी जन्म आजादी मिलने के बाद हुआ है। हमारे पिताजी आजादी की लड़ाई में बहुत सक्रिय थे। उन्होंने एक–एक चीज हमें बचपन में ही बतायी थी। हमलोग राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और उनके साथ काम करने वाले सभी लोगों को मानते हैं। उसी के आधार पर हमलोग विकास का काम कर रहे हैं। आप किसी भी धर्म को मानिए और अपने ढंग से उसे कीजिए। इसमें कोई रुकावट नहीं है। राम हों या कृष्ण हों, जिनको मानना है, वे मानें, इस पर कोई हस्तक्षेप नहीं है। किसी भी धर्म को मानना है, वे मानें। इस देश में सात धर्म हैं। पारसी धर्म को मानने वाले कम लोग हैं। हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई धर्म, बौद्ध, जैन को मानने वाले लोग देश में हैं। भगवान बुद्ध को बिहार में ज्ञान प्राप्त हुआ। कई धर्मों के मानने वाले लोग बिहार आते हैं। देश के बाहर से भी लोग बिहार आते हैं। हमलोग सभी लोगों के हित में काम करते हैं। मंदिर हो या मस्जिद, किसी को कोई असुविधा न हो, इसका ख्याल रखा जाता है। आपस में किसी तरह का कोई विवाद नहीं होना चाहिये। सभी को अपने ढंग से पूजा करने एवं काम करने का अधिकार है, इसमें कोई हस्तक्षेप नहीं है। सभी धर्मों के माननेवालों को इसकी इजाजत है। किसी को भी इसमें हस्तक्षेप नहीं करना चाहिये। कोई कुछ बोल रहा है तो अपनी मर्जी से बोल रहा है। उसका कोई वैल्यू नहीं है। देश के संविधान को सभी लोगों को समझना चाहिये। अगर देश के संविधान का कोई उल्लंघन कर रहा है तो मीडिया को उसे देखना चाहिये। मीडिया के लोग अगर लिखेंगे कि संविधान का उल्लंघन हो रहा है तो सभी को अच्छा लगेगा किंतु आपलोगों की भी मजबूरी है, आप लोग क्या कीजियेगा।

नवनिर्मित परिवहन परिसर के उद्घाटन के संबंधित प्रश्न के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह भवन काफी अच्छा बना है। सभी को इससे काफी सुविधायें होगी।

******